माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1449 /14 /प्रशा0/MSU/2022–23 दिनांक : 19.09.2022

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषय : विश्वविद्यालय में वर्तमान में प्रभावी चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की परिनियमावली में परिभाषित संकाय के अन्तर्गत उल्लिखित विषयों के अतिरिक्त विषयों में दी गई सम्बद्धता के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में दिनांक : 14.09.2022 को सम्पन्न हुई विश्वविद्यालय की अन्तरिम कार्यपरिषद की बैठक में किये गये निम्नलिखित निश्चय की प्रति आपके अवलोकनार्थ प्रस्तुत है :–

"कुलसचिव द्वारा इस सम्बन्ध में समिति को अवगत कराया गया कि सम्बद्ध महाविद्यालयों में कई ऐसे विषय कला संकाय अथवा विज्ञान संकाय में संचालित है, जिनका उल्लेख परिनियमावली के अनुसार सम्बन्धित संकाय में नहीं है। इस पर कुछ मा0 सदस्यगण द्वारा यह पृच्छा की गई कि ऐसे कौन से विषय हैं, जो सम्बन्धित संकाय के अतिरिक्त किसी अन्य संकाय में संचालित हैं ? कुलसचिव द्वारा अवगत कराया गया कि कम्प्यूटर एप्लीकेशन कला संकाय के अन्तर्गत महाविद्यालयों में संचालित है जबकि परिनियामवली में उक्त विषय इंजीनियरिंग संकाय में उल्लिखित है। इस पर परिषद द्वारा सर्वसम्मति से यह निश्चय किया गया कि शासन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार ऐसे विषय जिस संकाय के अन्तर्गत सम्मिलित है, उसी के अनुसार संकायवार विषयों का निर्धारण स्वीकार करते हुये अध्ययन/अध्यापन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए"

अतः आपसे निवेदन है कि कृपया कार्यपरिषद द्वारा किये गये उक्त निर्णय के आलोक में एवं तदानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत उल्लिखित प्राविधान के अनुसार ही अध्ययन–अध्यापन की व्यवस्था एवं समस्त सम्बन्धित को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(वीरेन्द्र कुमार मौर्य)
कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. वित्त अधिकारी।
02. सहायक कुलसचिव।
03. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ

कुलसचिव